

## स्वास्थ्य शविर में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**बड़वानी।** भिलट देव धाम, ग्राम नागलवाड़ी जिला बड़वानी में सुशीलादेवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता के संस्कारों से प्रेरित होकर सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने जो सेवा का संकल्प लिया हैए वह अत्यंत प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है। उन्होंने स्वर्गीय सुशीला देवी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में संचालित सेवा संस्थान निरंतर पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने बताया कि संस्था द्वारा टीबी रोगियों को पोषण आहार, सिकल सेल जांच, व्यापक जागरूकता तथा विभिन्न प्रकार की नि:शुल्क जांच-परामर्श सेवाएं पिछले चार वर्षों से सतत रूप से प्रदान की जा रही हैं, जिससे समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सीधा लाभ मिल रहा है। इसी अवसर पर सांसद अभियान हर ग्राम एक काम ग्रामहिते राष्ट्रहित का शुभारंभ राज्यपाल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। लोकसभा-स्तरीय इस जनसंवाद एवं विकास अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पंचायत में केंद्र, केंद्र-प्रायोजित एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से कम से कम एक ठोस जनकल्याणकारी कार्य पूर्ण करना है, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँच सके। अभियान के अंतर्गत सांसद प्रत्येक पंचायत में प्रवास कर युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों से संवाद करेंगे, उनकी आवश्यकताओं को ठोस विकास कार्यों एवं अवसरों में परिवर्तित करेंगे, स्वरोजगार-रोजगार के नए मार्ग सृजित करेंगे तथा स्थानीय उद्योगों एवं लघु व्यवसायों को प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य सहित अनेक गणमान्य डॉ प्रकाश शास्त्री एवं अन्य अतिथियों ने सहभागिता कर अपने विचार व्यक्त किए। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग, कैंसर स्त्री रोग, स्तन कैंसर, नाक-कान-गला, हड्डी रोग, शिशु रोग, मूत्र रोग, नेत्र रोग एवं जनरल मेडिसिन संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। उपलब्ध जांच सुविधाओं में ईको, ईसीजी, शुगर (आरबीएस) हीमोग्लोबिनए ब्लड प्रेशर, मोतियाबिंद एवं नेत्र परीक्षण, सर्वाइकल कैंसर जांच, कोलपोस्कोपी, पैप स्मीयर तथा मैमोग्राफी शामिल रही। बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर में स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल द्वारा सिकेल सेल मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। इस अवसर पर सांसद रतलाम-झाबुआ अनिता नागरसिंह चौहान, जिपं अध्यक्ष बलवंतसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष खरगोन नंदा ब्राह्मणे, जिलाध्यक्ष अजय यादव, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल सहित खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# वाहन चालकों की लापरवाही, सुरक्षा की अनेदखी

## जिम्मेदार नहीं करते कार्रवाई, सड़कों पर लोहे के सरिया लोड कर सरपट दौड़ रहे रिक्शा




**बड़वानी, (नवभारत)।**

शहर में रिक्शा चालकों की मनमानी बढ़ गई है और वे अपनी लापरवाही के चलते आम लोगों को परेशानी का सबब बन गए है। रिक्शाओं में भारी लोहे के सामान को भरकर चालक शहर में सरपट दौड़ रहे हैं। आए दिन सड़कों पर नुकीले लोहे के सरिया भरकर वे भीड़भाड़ वाले चौराहे में से निकल रहे है। रिक्शा से करीब 5 फीट बाहर तक निकले ये सरिया कभी भी हादसों की वजह बन सकता है। वहीं टैफिक और भीड़भाड़ वाली जगह पर रिक्शा चालकों की लापरवाही किसी दुर्घटना को न्यौता दे रही है। सरिया से चोटिल होने की घटनाएं पहले भी देखी गई हैं, लेकिन न तो प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा और न ही यातायात विभाग इन रिक्शा चालकों पर कोई कार्रवाई कर रहा है। लोहे के नुकीले सामान को लोड किए रिक्शा शहर के चौक चौराहों पर जाम लगा रहे है। वहीं जहां भी ये खड़े हो रहे हैं वहां हादसे की आशंका बनी रहती है। शहर में गुरुद्वारा चौक और कोर्ट चौराहे पर सरिया से लदे रिक्शा आपको दिन में कई बार देखने को मिल रहे हैं। फिर भी यातायात विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ऐसा नहीं है कि रिक्शा चालक केवल भारी सामग्री ढो रहे हैंए इसके अलावा क्षमता से अधिक सवारी भरकर वे लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। ।शहर में रिक्शा चालकों पर कोई नियम नहीं है और इसका फायदा उठाकर वे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। वे क्षमता से अधिक सामान ढोने में लगे हुए हैं। कई बार तो लोहे के नुकीले तार, सरिया और अन्य वस्तुओं को लादकर बीच शहर से निकाला जा रहा है। वाहन के पीछे चल रहे लोगों को अचानक ब्रेक लगाने से होने वाले हादसों का डर सता रहा है।रिक्शा पर लोहे के सरिया व अन्य सामान की आवाजाही बढ़ रही है। अचानक से कहीं भी ब्रेक रिक्शा चालक द्वारा लगा दिया जाता है। हादसे का डर बना रहता है। वीरेन्द्र केवट, रहवासी

रिक्शा चालकों की मनमानी आए दिन देखी जाती है। ये न किसी भी नियम का पालन कर रहे और न ही प्रशासन इनके लिए कोई कड़ी कार्रवाई कर रहा है। विनीत चौहान, शहरवासीचालक लोहे के सरिए से लदे सामान को शहर में से ले जाते हैं। इनसे जाम व हादसों की संभावना रहती है।-शिवराम कुशवाह, शहरवासी

आए दिन लापरवाही की जाती है। कई चालक तेज गति से रिक्शा दौड़ा रहे तो कभी ओवरलोडिंग की जा रही है। प्रशासन को चालकों की लापरवाही पर ध्यान देना जरूरी है। श्याम तंवर, शहरवासी रिक्शा चालकों को समय समय पर समझाइश दी जाती है कि सरिया जैसे नुकीले सामान भरकर भीड़भाड़ वाले स्थान से ना गुजरे यातायात नियमों के पालन कराने के लिए समय समय पर चेकिंग अभियान चलाकर इस तरह के वाहन चालकों पर चालानी कारवाई की जाकर अर्थदंड वसूला गया है।

**दुर्घटना को न्यौता**

- रिक्शा चालकों की लापरवाही दुर्घटना को दे रही हैं न्यौता।
- हादसों की रहती हैं आशंका।

# शिवरात्रि पर शिव टेकरी मंदिर में भव्य आयोजन

**निवाली। (नवभारत)।**

निवाली सेवा केंद्र द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव टेकरी मंदिर में भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं शिव आरती के साथ हुआ।

प्रमुख अतिथियों में राकेश पंडित, त्रिलोक चंद्र सोनी, अशोक राठौड़ एवं दिलीप भाई उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान शिव की आरती की तथा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी साधना दीदी ने शिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि शिव के साथ रात्रि शब्द इसलिए जोड़ा गया है, क्योंकि रात्रि अज्ञान रूपी अंधकार का प्रतीक है। जब परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होते हैं, तब वे मनुष्य को पांच विकारों काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से मुक्त कर सत्य ज्ञान प्रदान करते हैं। इस दिव्य ज्ञान से जीवन में सुख, शांति और पवित्रता की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि संस्था से जुड़े लाखों भाई-बहनों एवं माताओं-बहनों ने राजयोग के माध्यम से अपने जीवन को शुद्ध, पवित्र और सुखमय बनाया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रदर्शनी का लाभ लेकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया।



# श्रद्धालुओं ने प्रसादी की ग्रहण



**पानसेमल.** क्षेत्र के जलगोन के निकट जलेश्वर महादेव मंदिर पर करीब 50 वर्षों से महाशिवरात्रि के अवसर पर भोजन प्रसादी का आयोजन होता आ रहा है। इस अवसर पर रविवार रात्रि भजन-कीर्तन के बाद सोमवार को भोजन प्रसादी बनाई गई। भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया था। जलेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति के सदस्यों सहित क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहता है।क्षेत्र के कांसुल, बंधारेश्वर महादेव मंदिर, शिव टेकड़ी सहित अन्य शिवालयों पर भी शिव भक्तों ने दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। वहीं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए पुलिस थाना प्रभारी मंशाराम वगेन पुलिस बल के साथ भ्रमण करते नजर आए।

# भील आमदा में श्मशान जाने वाला मार्ग टूटा

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 17 फरवरी.**

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत आमदा के ग्रामीण श्मशान घाट के अधूरे निर्माण से परेशान हो रहे थे, जिसके बाद शमशान जाने वाले मार्ग के टुटने से समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सहित आसपास के फलिया में करीब 400 के लगभग परिवार निवास करते हैं।

पिछले कई वर्षों पहले श्मशान का कार्य शुरू हुआ था, लेकिन वर्तमान समय में भी निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। पिछले वर्ष बनाया सीसी रोड़ भी बीच से टूट गया है, जिसके कारण अब ग्रामीणों को





अधिक समस्या हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि श्मशान जाने के लिए मार्ग पूर्ण किया जाए। साथ ही अधूरे शमशान को पूर्ण किया जाए।

इस विषय को लेकर ग्राम के सचिव मोहन सोनी ने बताया कि अधिक पानी के बहाव के कारण हुए कटाव से मार्ग टूटा है। उप यंत्री से रिटर्निंग वाल बनाने चर्चा की है। निधि उपलब्ध होने के बाद समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। जनपद पंचायत उपयंत्री अनिल मंडलोई से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वर्षा काल में कटाव होने से ऐसा हुआ है।

**मार्ग का होगा निरीक्षण**

मार्ग का निरीक्षण कर एस्टीमेट बनाया जाएगा तथा राशि स्वीकृत होने पर कार्य कराया जाएगा।

**एक नजर में**

## चौरल सरपंच ने पिता की स्मृति में चद्दर सेट लगवाया



**महू.** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर चौरल सरपंच अशोक सैनी द्वारा तेजाजी चौक पर 7 लाख की लागत से अपने पिता स्व. भगवान दास सैनी की स्मृति में चद्दर सेट लगवाया गया. यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने दी. उन्होंने बताया कि लोकार्पण समारोह में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, धार-महू लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल, नारायण पटेल, दिनेश सल्वाड़िया, जुगनू जादवसिंह धनावत, अजय सगर, सुनील बंसल, बैकुंठ पटेल, भाया पटेल, प्रवीण पाटिल, अंकित सैनी, धर्मेंद्र सैनी, अभिषेक यादव सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे. इस अवसर पर महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर खिचड़ी का प्रसाद भी वितरण किया.

## पूर्व कुलपति डॉ. छापरवाल का निधन



**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ भरत छापरवाल का आज सुबह रतलाम में निधन हो गया. 86 वर्षीय डॉ. छापरवाल लंबे समय से बीमार थे. दोपहर में उनका रतलाम में दाह संस्कार कर दिया. शहर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में 1996 और 2004 दो बार कुलपति रहे डॉ. भरत छापरवाल. भाजपा की सरकार आने के बाद उन्होंने अभ्यास मंडल और कई समाजसेवी संस्थाओं से जुड़कर शहर हित में कार्य करने लगे थे. राजस्थान से इंदौर आकर लंबे समय तक एमवाय अस्पताल उन्होंने बाल रोग विभाग संभाला था।वे बच्चों के अच्छे डॉक्टर थे. इंडियन मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष भी रहे. उन्होंने यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर में जलाने का विरोध कर आंदोलन में भाग लिया था. रतलाम के काटजू नगर उन्होंने अंतिम सांस ली और उनका त्रिवेणी शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया.

## डॉग को खिलाने के बहाने छात्रा से छेड़छाड़

**इंदौर.** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोपी ने पालतू डॉग को खिलाने के बहाने घर के बाहर पहुंचकर छात्रा के साथ अश्लील हरकत की, विरोध करने पर धमकाकर फरार हो गया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राजू पुत्र हेमराज लुनिया, निवासी श्रद्धासबुरी कॉलोनी, के खिलाफ छेड़छाड़ व धमकाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. छात्रा ने बताया कि मां के नौकरी पर होने के दौरान आरोपी डॉग के साथ खींचतान करने लगा. आवाज सुनकर बाहर आने पर आरोपी ने पहले हाथ पकड़ा और फिर सीने पर गलत तरीके से स्पर्श किया. छात्रा के चिल्लाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया. पीड़िता ने तुरंत मां को सूचना दी, जिसके बाद दोनों थाने पहुंचीं, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है.

## जीजा ने साले को पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर.** गांधीनगर थाना क्षेत्र में मकान खाली कराने के विवाद को लेकर जीजा ने साले पर हमला कर दिया. नया बसेरा में रहने वाले लोकेश चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एचपी पेट्रोल पंप के सामने अरुण सोलंकी ने पहले गाली-गलौज की, फिर फावड़े के डंडे से हाथ, पैर, कमर व नाक पर वार कर घायल कर दिया. बीच-बचाव में नीलू व प्रेम मौके पर पहुंचे. आरोपी जाते-जाते मकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया. मामले में पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

## उधारी के पैसे को लेकर युवक से मारपीट

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी का भट्टा में 200 रुपए की उधारी को लेकर विवाद हिंसा में बदल गया. हरीश कासोटिया ने शिकायत में बताया कि कृष्णा वर्मा ने पैसे लौटाने के दबाव में गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ों से मारपीट की और नाखूनों से सीने व गले में खरोंच दी. घटना की गवाह नेहा गुर्जर व पूजा व्यास ने आरोपी की आए दिन शराब पीकर उत्पात मचाने की शिकायत भी बताई. पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी.

# पहली मंजिल से मुंह के बल गिरी महिला, गंभीर घायल



**इंदौर.** चंदन नगर थानांतर्गत ख्वाजा चौक ग्रीन पार्क कॉलोनी में शनिवार रात 25 वर्षीय महिला पहली मंजिल की बालकनी से नीचे आ गिरी. इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला को चेहरे और हाथ-पैर में चोटें आई हैं. घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है.

चंदन नगर टीआई तिलक करोले के अनुसार, कपड़े सुखाते समय महिला का संतुलन बिगड़ गया था. नीचे दुकान पर मौजूद एक पिता-पुत्र ने शिफा को गिरते हुए देखा तो परिवार को जानकारी दी. परिवारजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है. टीआई के मुताबिक, शिफा के परिवार से पूछताछ हुई, जिसमें पता चला कि उसका संतुलन बिगड़ गया था. पुलिस ने शिफा के बयान भी लिए हैं. बताया जाता है कि शिफा की छह माह पहले ही शादी हुई है. उसका पति मोहम्मद आरिफ अब्बासी गैरेज में काम करता है. मायका जूना रिसाला क्षेत्र में है. सूचना मिलने पर महिला के मायके वाले भी

# दस हजार का इनामी गांजा तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर. अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इंदौर क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी गांजा तस्कर को तीन इमली बस स्टैंड से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया, आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था.**

क्राइम ब्रांच ने इससे पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गोरेलाल निंगवाल को पकड़ा था, जिसके कब्जे से 21 किलो 505 ग्राम गांजा कीमत करीब 8 लाख रुपये और तस्करी में चार पहिया लोडिंग वाहन जब्त किया था. पूछताछ में फरार आरोपी मगन अखाड़े, निवासी बागली जिला देवास की भूमिका सामने आई थी, जिसके बाद उस पर इनाम घोषित किया था.

**सूचना पर तीन इमली बस स्टैंड पर घेराबंदी कर पकड़ा**

मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने तकनीकी विश्लेषण के साथ तीन इमली बस स्टैंड पर घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा. पूछताछ में उसने कबूल किया कि सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर इंदौर में ऊंचे दामों पर बेचता था. पुलिस अब उससे पूरे नशा नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है. फरार इनामी आरोपी को पकड़ने वाली टीम को घोषित इनाम राशि दिए जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है.

# लोन दिलाने के नाम पर 40 लोगों से लाखों की ठगी

- कम ब्याज पर तत्काल लोन का लालच देते थे, चार गिरफ्तार

**इंदौर.** विजयनगर पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए क्विकराईट फायनेंस कंपनी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने कम ब्याज पर तत्काल लोन का झांसा देकर मार्जिन मनी एडवांस के नाम पर करीब 25 से 30 लाख रुपए वसूले और फिर रातोंरात गायब हो गए थे.

डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया कि एडीसीपी अमरेंद्र सिंह एवं एसीपी विजयनगर पराग सैनी के निर्देशन में कार्रवाई की गई. जांच में सामने आया कि शिवम तिवारी ने शगुन आर्केड में फर्जी फायनेंस कंपनी खोलकर देवेन्द्र गोलकर व विनय नागर को डायरेक्टर बनाया, जबकि मिताली यादव मैनेजर के रूप में रकम वसूलती थी. पीड़ितों से बिना गारंटर लोन देने का झांसा देकर 20 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा कराई गई. कुछ राशि सीधे मिताली के खाते में भी ली गई. पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दस्तावेज जब्त किए हैं. प्रारंभिक जांच में करीब 40 लोगों से ठगी की पुष्टि हुई है. आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ जारी है.

## क्रेडिट कार्ड से की 3 लाख से अधिक की साइबर ठगी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र के श्रीनाथ सिटी ढाबली में रहने वाले अमित जकनोरे के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए बड़ी रकम उड़ा ली. फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरबीएल बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के कार्ड से अलग-अलग समय पर ट्रांजेक्शन किए, जिनकी राशि करीब 3 लाख 30099 रुपये है. ये ट्रांजेक्शन अमेजॉन वेबसाइट पर गिफ्ट आइटम की खरीद के नाम पर किए गए. पीड़ित ने बैंक और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## झांसे में लेकर युवक से 9 .20 लाख की साइबर ठगी

**इंदौर.** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम बगौदा में रहने वाले 38 वर्षीय अरुण शर्मा के साथ सोशल मीडिया पर लालच देकर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने इंस्ट्राग्राम पर एक रील देखी थी, जिसमें 5 रुपये के पुराने नोट के बदले लाखों रुपये देने का दावा किया था. रील में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर अज्ञात आरोपियों ने 35 लाख रुपये दिलाने का झांसा दिया और अलग-अलग प्रक्रियाओं के नाम पर उससे 9 लाख 20 हजार 150 रुपये ठग लिए.

**सात माह पूर्व शुरू हुआ डेढ़ किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण अब तक नहीं हो सका पूरा**

# मालवीय नगर सड़क चौड़ीकरण कार्य बना लोगों की मुसीबत



**इंदौर. शहर में विकास कार्यों के नाम पर चल रहे कार्यों में गतिहीनता, अदूरदर्शिता और लापरवाही से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. शहर में आधे-अधूरे पड़े कार्यों को लेकर नगर निगम के जिम्मेदार एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं.**

नगर निगम द्वारा मालवीय नगर में लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे सडक़ चौड़ीकरण कार्य की शुरुआत सात माह पूर्व की गई थी. इस दौरान सैकड़ों मकानों के आगे के हिस्से तोड़े गए, जबकि कई मकान पूरी तरह जमींदोज कर दिए गए. कहीं चैंबर लाइन डाली जा रही है, कहीं सीवर लाइन बिछ रही है और कई स्थानों पर बिजली के खंभे खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं. मिट्टी में गाड़े गए बिजली खंभे की नीव की मिट्टी खिसक चुकी है, जिससे खम्बे गिरने से कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं. सडक़ को सीधा बनाए जाने के बजाय एक स्थान पर मोड़ देने से अतिरिक्त मकानों को नुकसान पहुंचा है. भागीरथपुरा प्रकरण के बाद भी यह लापरवाही की जा रही है. सिवरेज लाइन में डाले गए पाइप अभी से क्रेक हो चुके हैं, वही चैंबर में भी बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं. भविष्य में इस लापरवाही से भागीरथपुरा कांड जैसी









घटना हो सकती है. कार्य की तस्वीर को देखते हुए यह भ्रष्टाचार और लापरवाही की ओर इशारा करता है. गतिहीन निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों पड़ रही है. आखिर जवाबदेही किसकी तय होगी?

**यह बोले रहवासी...**



इस कार्य के कारण पानी की किल्लत बढ़ गई है. सीवरेज लाइन और चैंबर अभी से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. इससे दूषित पानी की समस्या बनेगी और भागीरथपुरा जैसी स्थिति यहां पर भी निर्मित हो सकती है.

**- दिलीप पाल**



अपनी मनमर्जी से कार्य कर चेक कर रहे हैं. कभी उधर करते हैं, फिर आधा अधूरा छोड़ यहां आ जाते हैं. इस गतिहीन कार्य से लोगों को कई तरह की समस्या हो रही हैं.

**- माधव प्रसाद रोजिया**



कार्य जल्दी नहीं हो रहा, जगह-जगह गंदगी फैल रही है. कार्य के दौरान पुराने चैंबर तोड़ दिए गए, जिससे गंदगी कच्ची सडक़ पर बह रही है और क्षेत्र में बदबू बनी रहती है.

**- गीता बाई**



उबड़-खाबड़ सडक़, बड़े-बड़े पत्थर, जिस पर से निकलना मुश्किल है. बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं गिरकर चोटिल हो रहे हैं. कई लोगों को गंभीर चोटें लग रही हैं. कितनी बार शिकायत कर दी, लेकिन कोई सुन नहीं रहा.

**- अजय चोपड़ा**